राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# बुद्ध पूर्णिमा पर राज्यपाल की बधाई एवं शुभकामनाएं

जयपुर, 4 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा (5 मई) के अवसर पर बधाई और शुभकामना दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन से हमें प्रेम, बंधुत्व, त्याग, विनम्रता, दया, करुणा आदि गुणों की प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने सभी से भगवान बुद्ध के विचारों को आत्मसात करते हुए मानवता के हित में कार्य करने का आह्वान किया है।

———